# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

## PERIODIC TEST 1 - (2025-26)
## HINDI

Class: VII — Duration : 1:00 Hrs
Date : 04-07-2025 — Max. Marks: 25
Admission No.: — Roll No.:

---

सामान्यनिर्देशाः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 7 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

प्रश्नपत्रस्वरूपम् -

| | | |
|---|---|---|
| भाग 'क' | अपठित गद्यांश | 05 अङ्क |
| भाग 'ख' | व्याकरण | 09 अङ्क |
| भाग 'ग' | पाठ्यपुस्तक | 06 अङ्क |
| भाग 'घ' | पत्र लेखन | 05 अङ्क |

---

### खंड क (अपठित बोध )

**प्रश्न.1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए **:-** **[5]**

बाँस भारत के विभिन्न हिस्सों में बहुतायत में होता है | भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के सातों राज्यों में बाँस बहुत उगता है | इसलिए वहाँ बाँस की चीजें बनाने का चलन भी खूब है | सभी समुदायों के भरण-पोषण में इसका बहुत हाथ है || इंसान ने जब हाथ से कलात्मक चीजें बनानी शुरू की , बाँस की चीजें तभी से बन रही हैं | आवश्यकता के अनुसार इसमें बदलाव हुए हैं और अब भी हो रहे हैं | कहते हैं कि बाँस की बुनाई का रिश्ता उस दौर से है , जब इंसान भोजन इकठ्ठा करता था | शायद भोजन इकठ्ठा करने के लिए उसने डलियानुमा चीजें बनाई होंगी | क्या पता बया जैसी किसी चिड़िया के घोंसले से टोकरी के बुनावट की तरकीब हाथ लगी हो |

**(i)** यहाँ पर किस पेड़ का महत्त्व बताया जा रहा है?

**(a)** आम **(b)** नीम **(c)** बाँस **(d)** पीपल

**(ii)** भारत के किन राज्यों में बाँस बहुत उगता है?

**(a)** दक्षिण **(b)** पश्चिमी **(c)** उत्तरी **(d)** उत्तर -पूर्वी

**(iii)** इंसान ने डलियानुमा चीजें क्यों बनाई?

**(a)** खेलने के लिए **(b)**भागने के लिए **(c)**लड़ने के लिए **(d)**भोजन इकठ्ठा करने के लिए

**(iv)** टोकरी के बनावट की तरकीब किस चिड़िया से मिली होगी?

**(a)** मैना **(b)** मोरनी **(c)** बया **(d)** कोयल

**(v)** 'तरकीब' शब्द का क्या अर्थ है

**(a)** उपाय **(b)** उद्देश्य **(c)** व्यस्त **(d)** व्यथा

### खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण )

**प्रश्न.2** दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर चुनकर सही उत्तर लिखिए **:-** **[3]**

**(i)** भाषा के क्षेत्रीय रूप को क्या कहा जाता है?

**(a)** बोली **(b)** विभाषा **(c)** राजभाषा **(d)** लिपि

**(ii)** देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ?

**(a)** रोमन **(b)** ब्राह्मी **(c)** तमिल **(d)** उर्दू

**(iii)** भाषा के कितने रूप हैं?

**(a)** एक **(b)** दो **(c)** तीन **(d)** चार

प्रश्न**.3** दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर चुनकर सही उत्तर लिखिए **:-** **[2]**

**(i)** हिंदी वर्णमाला में कितने स्वर होते हैं?

**(a)** 10 **(b)** 11 **(c)** 18 **(d)** 33

**(ii)** भाषा की सबसे छोटी इकाई है -

**(a)** वर्ण **(b)** शब्द **(c)** वाक्य **(d)** पद

प्रश्न **4** दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर चुनकर सही उत्तर लिखिए**:-** **[4]**

**(i)** संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए|

**(ii)** **'**बच्चा**'** और **'**मित्र**'** शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाइए |

**(iii)** स्वयं काम करने से आत्मविश्वास बढ़ता है | **(**वाक्य में सर्वनाम शब्द चुनिए**)**

**(iv)** प्रश्नवाचक सर्वनाम का एक उदाहरण लिखिए|

<u>खंड ग **(**पाठ्यपुस्तक **)**</u>

प्रश्न**.5** नीचे दिए गए लघु प्रश्नो के उत्तर लिखिए **:-** **[2]**

**(i)** कवि किसे नमन कर रहे हैं और क्यों**?**

**(ii)** लेखक के दोस्त का क्या नाम था**?**

प्रश्न**.6** नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए **:-** **[4]**

**(i)** सैनिक को ढाल भी कहा गया है और काल भी**,** क्यों **?**

**(ii)** गुरु जी कौन -कौन से काम करते थे **?**

<u>खंड घ</u> **(**लेखन- कौशल **)**

प्रश्न**.7** नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद या पत्र लिखिए**:-** **[5]**

**(i)** योग का महत्त्व **(ii)** यदि मैं सैनिक होता

अथवा

अपने छोटे भाई को पढ़ाई में ध्यान देने और टी वी काम देखने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए |

================================ समाप्त ================================